Series : DPRPR/4

SET ~ 1

प्रश्न पत्र कोड **4/4/1**

रोल नं.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

**नोट :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 4 हैं ।

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न पत्र कोड को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 8 प्रश्न हैं ।

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । *

# हिन्दी (ब)

*निर्धारित समय : **2** घण्टे* *अधिकतम अंक : **40***

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :**

*(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **आठ** प्रश्न हैं ।*

*(ii) इस प्रश्न-पत्र में कुल **दो** खंड हैं – **खंड-क** और **खंड-ख** ।*

*(iii) **खंड-क** में कुल **3** प्रश्न हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उत्तर दीजिए ।*

*(iv) **खंड-ख** में कुल **5** प्रश्न हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उत्तर दीजिए ।*

*(v) प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए यथासंभव क्रमानुसार उत्तर लिखिए ।*

## खंड – क

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25** से **30** शब्दों में लिखिए : **2 × 2 = 4**

(क) 'मनुष्यता' कविता में कवि ने सब को साथ चलने की प्रेरणा क्यों दी है ? इससे समाज को क्या लाभ हो सकता है ? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

(ख) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर लिखिए कि कवि ने वृक्षों को पर्वतों की उच्चाकांक्षाएँ क्यों कहा है ?

(ग) 'फ़तह का जश्न इस जश्न के बाद है' – 'कर चले हम फिदा' कविता से उद्धृत प्रस्तुत पंक्ति में 'इस जश्न' से कवि का क्या आशय है और उसे बाद में मनाने के पीछे क्या कारण है ?

2. निम्नलिखित **दो** प्रश्नों में से **किसी एक** प्रश्न का उत्तर लगभग **60** से **70** शब्दों में लिखिए : **4 × 1 = 4**

(क) "हमारे सामने जो वर्तमान क्षण है वही सत्य है। उसी में जीना चाहिए।" 'झेन की देन' पाठ से उद्धृत लेखक का यह कथन वर्तमान परिस्थितियों में कहाँ तक सत्य है ? क्या आप इससे सहमत हैं ? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

(ख) "आपसी फूट के कारण भारत इतने वर्षों तक दूसरों का गुलाम रहा" – क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? 'कारतूस' एकांकी के आधार पर कारण सहित उत्तर दीजिए।

3. पूरक पाठ्य-पुस्तक 'संचयन' के **तीन** प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए : **3 × 2 = 6**

(क) "'हरिहर काका' कहानी वृद्धों के प्रति संवेदनहीन होते समाज की कथा है।" इस कथन को कहानी के आधार पर उदाहरण सहित सिद्ध कीजिए।

(ख) 'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर लिखिए कि लेखक को नयी श्रेणी में जाने की प्रसन्नता अन्य विद्यार्थियों की तरह क्यों नहीं होती थी ?

(ग) "इफ़्फ़न के पिता के तबादले के बाद टोपी शुक्ला का अकेलापन और महंत और भाइयों के दुर्व्यवहार के कारण 'हरिहर काका' का मौन धारण वर्तमान समाज की ऐसी सच्चाई है, जिससे आज बहुत से लोग पीड़ित हैं।" इस स्थिति से निकलने में आप ऐसे लोगों को क्या सुझाव देंगे ?

## खंड – ख

4. निम्नलिखित में से **किसी एक** विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग **150** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : **6 × 1 = 6**

(क) परोपकार

- परोपकार का अर्थ
- महापुरुषों एवं प्रकृति के उदाहरण
- सामाजिक जीवन में परोपकार आवश्यक क्यों ?

(ख) ज़िन्दगी जिन्दादिली का नाम है

- भूमिका
- नवीन दृष्टिकोण
- निष्काम कर्म

(ग) स्वस्थ जीवन का राज

- स्वस्थ जीवन की परिभाषा
- स्वस्थ जीवन के उपाय
- आवश्यकता

5. (a) मैट्रो में यात्रा के दौरान आपका मोबाइल फ़ोन चोरी हो गया है । इसकी शिकायत करते हुए थानाध्यक्ष के नाम लगभग **120** शब्दों में पत्र लिखिए । **5 × 1 = 5**

**अथवा**

(b) आप अंकित/अंकिता हैं । आप अकसर अपनी सोसायटी में लोगों को बिना मास्क पहने घूमते देखते हैं, जबकि कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए सरकार ने मास्क पहनना अनिवार्य किया हुआ है । इसकी शिकायत करते हुए सोसायटी के सचिव को लगभग **120** शब्दों में पत्र लिखिए ।

6. (क) (a) आप विद्यालय के प्रमुख छात्र, मानव हैं । आपके विद्यालय में आपदा-प्रबंधन की ओर से एक कार्यशाला का आयोजन होने वाला है । छठी से लेकर बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को सूचित करने हेतु **50** शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए । **2½**

**अथवा**

(b) विद्यालय की सांस्कृतिक सभा के सचिव होने के नाते 'गणतंत्र दिवस' के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के विषय में विद्यार्थियों को सूचित करने के लिए लगभग **50** शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए । **2½**

(ख) (a) सागर अपार्टमेन्ट के सचिव की ओर से अपार्टमेन्ट में रहने वाले लोगों को जल की बर्बादी रोकने हेतु **50** शब्दों में एक सूचना लिखिए । **2½**

**अथवा**

(b) आप केन्द्रीय विद्यालय की सुचेता हैं । आप दसवीं कक्षा की छात्रा हैं । विद्यालय में आपका परीक्षा प्रवेश-पत्र खो गया है । विद्यालय सूचना-पट के लिए लगभग **50** शब्दों में एक सूचना लिखिए । **2½**

7. (क) (a) पिछली कक्षा की अपनी पुरानी पुस्तकें गरीब विद्यार्थियों में निःशुल्क वितरण करने हेतु लगभग **50** शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए । **2½**

**अथवा**

(b) विद्यालय में आयोजित होने वाले पुस्तक मेले का प्रचार-प्रसार करने हेतु लगभग **50** शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए । **2½**

(ख) (a) आप अपनी पुरानी साइकिल बेचना चाहते हैं । इसकी जानकारी देते हुए लगभग **50** शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए । **2½**

**अथवा**

(b) आपके पिता शृंगार वस्तुओं के विक्रेता हैं । कोरोना महामारी के कारण उनके कारोबार में मंदी आ गई । उनकी दुकान में बिक्री बढ़ाने के लिए लगभग **50** शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए । **2½**

8. निम्नलिखित विषयों में से **किसी एक** विषय पर लगभग **120** शब्दों में लघुकथा लिखिए : **5 × 1 = 5**

(क) "अब पछताए होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत"

**अथवा**

(ख) एक वीर सिपाही का सपना

*